# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025





## खबर संक्षेप

### जनहानि के एक मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। मनोरा तहसील अंतर्गत ग्राम गुल्लू निवासी स्व. अर्पण मिंज का पानी में डूबने से 10 मई 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके माता श्रीमती राजमनी मिंज हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### युवतियों के लिए निःशुल्क सिलाई एवं बैग निर्माण प्रशिक्षण



**कांसाबेल।** जीवन झरना विकास संस्था कांसाबेल द्वारा जुलाई से सितम्बर 2025 तक ग्रामीण क्षेत्र की युवतियों के लिए निःशुल्क सिलाई एवं बैग निर्माण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में 15 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। संस्था ने इन युवतियों का चयन उन वर्गों से किया जो आर्थिक समस्याओं से जूझ रही थीं, प्रेम प्रसंग और लैंगिक अपराध से मुक्त कराई गई थीं तथा आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकता महसूस कर रही थीं। तीन माह तक चले इस प्रशिक्षण में सिलाई और बैग बनाने के साथ साथ टमाटर, निम्बू, आंवला, महुआ का अचार, केक, लड्डू, और झुमर बनाने की विधि भी सिखाई गई। इसके साथ ही मानव तस्करी रोकथाम, बाल विवाह रोकथाम और लैंगिक अपराध जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। बच्चों और लड़कियों से जुड़ी सच्ची घटनाओं के उदाहरण देकर प्रतिभागियों को आत्म - सुरक्षा के उपाय बताए गए। समापन अवसर पर जीवन झरना विकास संस्था द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण किए गए और उन्हें अपने सीखे हुए कौशल का उपयोग कर स्वावलम्बी बनने तथा परिवार की आर्थिक मदद करने का सुझाव दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस तीन माह की अवधि में उन्होंने न केवल सिलाई और अन्य कौशल सीखे बल्कि बड़ों का आदर करना, अनुशासन में रहना, सही ढंग से बात करना और किसी के बहकावे में न आना जैसे जीवनोपयोगी ज्ञान भी प्राप्त किया। संस्था ने सभी ने सभी प्रशिक्षार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

### सैनिक स्कूल में प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 30 तक

**जशपुरनगर।** सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6 वीं और कक्षा 9वीं में बालक एवं बालिकाओं के प्रवेश हेतु राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित पेन एवं पेपर बहुविकल्पीय प्रश्न पेपर पैटर्न आधारित अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा का आयोजन जनवरी 2026 को किया जाएगा। जिसके लिए 30 अक्टूबर 2025 तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए परीक्षार्थियों की चयन प्रक्रिया दो चरणों में होगी। सर्वप्रथम उन्हें राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफल होना होता है। जिसके पश्चात उत्तीर्ण परीक्षार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण होता है। स्वास्थ्य परीक्षण में फिटनेस तथा लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर प्रावीण्य सूची बनती है। केवल अंतिम प्रावीण्य सूची में चयनित होने वाले अभ्यर्थियों का ही सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में प्रवेश होता है। सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के आधिकारिक वेबसाईट पर 30 अक्टूबर 2025 शाम 05:00 बजे तक भर सकते है। कक्षा छठवीं की प्रवेश परीक्षा में बैठने के लिए विद्यार्थी की आयु 31 मार्च 2026 को 10 से 12 वर्ष के बीच होना चाहिए एवं प्रवेश के समय कक्षा पाचवीं उत्तीर्ण होना चाहिए। कक्षा नौवीं के लिए विद्यार्थी की आयु 31 मार्च 2026 को 13 से 15 वर्ष के बीच होना चाहिए तथा प्रवेश के समय अभ्यर्थी को कक्षा आठवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

### दुलदुला पुलिस ने खेत मालिक को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

# खेत के चारों ओर लगाया था करंट का जाल, युवक की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के दुलदुला थाना क्षेत्र के ग्राम खूंटीटोली, कस्तूरा में खेत की सुरक्षा के नाम पर मौत का जाल बिछा दिया गया था। खेत के चारों ओर नंगे तारों में हाई वोल्टेज बिजली प्रवाहित करने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने घटना की जांच में खुलासा होने के बाद खेत मालिक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले की शुरुआत 24 सितंबर को हुई जब खूंटीटोली निवासी अनथ्रेस एक्का (55 वर्ष) ने थाना दुलदुला में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका पुत्र असलम एक्का (26 वर्ष), जो कमजोर नजर वाला और धीमी गति से चलने वाला युवक था, 23 सितंबर की दोपहर लगभग 3 बजे खेत की ओर गया था। कुछ देर बाद वह वापस नहीं लौटा। खोजबीन करने पर पता चला कि वह बगल के खेत में गिरा पड़ा है। उक्त खेत गांव के ही बलेरियम एक्का (53 वर्ष) का था, जिसके चारों ओर सौर झटका मशीन के तार से घेरा बना था। मृतक असलम उसी तार की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

■ सौर झटका मशीन के नाम पर बिछाया था हाई वोल्टेज तार



#### एसएसपी ने की अपील

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि खेत या घरों की सुरक्षा के लिए बिजली के नंगे तारों का उपयोग करना बेहद खतरनाक और गैरकानूनी है। इससे किसी की जान भी जा सकती है। ऐसे मामलों में पुलिस कठोर कार्रवाई करेगी। लोग अपनी सुरक्षा के नाम पर इस तरह के अवैध तरीकों का प्रयोग न करें।

#### जांच में हुआ बड़ा खुलासा

शुरुआत में ग्रामीणों को लगा कि यह हादसा सौर झटका मशीन से हुआ, परंतु जब पुलिस ने जांच आगे बढ़ाई तो मामला उलझने लगा। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम कराया। डॉक्टरों की रिपोर्ट में सामने आया कि मृतक के दोनों हाथों और सीने पर गहरे जलने के निशान हैं, जो हाई वोल्टेज बिजली से ही हो सकते हैं। यह रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और गवाहों से पूछताछ की। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि आरोपी बलेरियम एक्का ने बिजली विभाग की अनुमति के बिना लगभग 800 मीटर दूर खंभे से तार जोड़कर अपने खेत के चारों ओर करंट प्रवाहित किया था। सौर झटका मशीन केवल एक छलावा थी। खेत की सुरक्षा के नाम पर उसने हाई वोल्टेज करंट सीधे नंगे तारों में प्रवाहित कर रखा था, जिसके संपर्क में आने से असलम एक्का की मौत हुई थी।

#### आरोपी गिरफ्तार जेल भेजा गया

पुलिस ने सबूत इकट्ठे करने के बाद आरोपी बलेरियम एक्का के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 105 के तहत अपराध दर्ज किया। आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बिजली तार को भी जब्त कर लिया है।इस पूरे मामले की जांच और आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी दुलदुला निरीक्षक कृष्ण कुमार साहू के नेतृत्व में महिला प्रधान आरक्षक चम्पा पैंकरा, प्रधान आरक्षक मोहन बंजारे, आरक्षक अकबर चौहान, विनोद राम, और नगर सैनिक दुर्गा प्रसाद गौतम की अहम भूमिका रही।



## सुलेसा में फिर दिखने लगा नक्सलियों का मूवमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के बगीचा क्षेत्र के सुलेसा गांव में एक बार फिर नक्सली गतिविधि की आहट से सनसनी फैल गई है। गांव के पूर्व उपसरपंच सल्लु राजवाड़े के घर पर पीएलएफआई माओवादी संगठन के नाम से धमकी भरा पर्चा चस्पा किया गया है। इसमें उन्हें चेतावनी दी गई है कि अगर वे नक्सल संगठन के खिलाफ राजनीति करेंगे तो उन्हें जान-माल से हाथ धोना पड़ेगा।

#### ग्रामीणों में डर, पुलिस ने बढ़ाई पेट्रोलिंग

घटना के बाद से ग्रामीणों में डर का माहौल है। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में पेट्रोलिंग बढ़ा दी है और संभावित संदिग्धों की तलाश जारी है।

#### एसपी बोले हर एंगल से जांच जारी

घटना की सूचना मिलते ही बगीचा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पर्चा जब्त कर लिया। एसपी शशिमोहन सिंह ने कहा कि जशपुर जिला वर्ष 2018 से नक्सलमुक्त घोषित है और यहां फिलहाल किसी तरह का नक्सल मूवमेंट नहीं है। फिर भी चूंकि पर्चा नक्सल संगठन के नाम से मिला है, इसलिए पुलिस पूरे संवेदनशीलता के साथ जांच कर रही है। कई बार रंजिश के तहत भी ऐसे कृत्य किए जाते हैं, उस एंगल से भी जांच हो रही है।

#### पर्चे में लिखा "हमारे काम में राजनीति मत करो"

मिली जानकारी के अनुसार, पूर्व उपसरपंच के घर चस्पा किए गए पर्चे में लिखा गया है कि आप हमारे आदमी के साथ राजनीति कर काम में बाधा डाल रहे हैं।

## अपर कलेक्टर ने साप्ताहिक समय सीमा की ली बैठक

**जशपुरनगर।** अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, मुख्यमंत्री की घोषणा और कलेक्टर जनदर्शन के आवेदनों का गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के घोषणा के तहत स्वीकृति कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करें इसके साथ ही गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ हितग्राहियों को देने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि बिजली बिल के बोझ से मुक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण संवर्धन के लिए इस योजना का लाभ अधिक से अधिक उठाएं



योजना के तहत उपभोक्ताओं को आकर्षक सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। अपर कलेक्टर ने पीएम जनमन योजनांतर्गत कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी योजनाओं का लाभ सभी हितग्राहियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को सभी विभागीय कार्यों को केवल ई-आफिस में माध्यम से निष्पादित करने हेतु निर्देश दिए। इसके साथ ही सभी विभागों का जीएसटी रिटर्न फाइल करने एवं सभी कर्मचारियों का ई-केवायसी पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर एवं विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### महिला रक्षा टीम स्कूल-कॉलेज की छात्राओं से कर रही सीधा संवाद

**सूरजपुर।** आधुनिक जीवन में महिलाओं एवं स्कूली छात्रों की सुरक्षा बहुत जरूरी है और उन्हें इस बात की जानकारी होनी चाहिए कि क्या चीज सही है और क्या गलत। चाहे वो अपने घर में हो या स्कूल अथवा कहीं बाहर किसी के भी साथ हो। इसी कड़ी में एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर महिला रक्षा टीम द्वारा महिलाओं-छात्राओं की सुरक्षा, स्कूल-कालेजों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है और स्कूली छात्रों से सीधा संवाद स्थापित कर सुरक्षा से जुड़ी बातों को बताकर सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप के मार्गदर्शन में महिला रक्षा टीम नियमित गश्त और पेट्रोलिंग कर क्षेत्र में बारीकी से नजर बनाए हुए है।

## विश्व हाथ धुलाई दिवस पर स्वच्छ संकल्प अभियान के तहत हुए विविध आयोजन

**जशपुरनगर।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत चल रहे "स्वच्छ संकल्प अभियान" के अंतर्गत आज जिले के विभिन्न विद्यालयों में विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को हाथ धोने के महत्व एवं इसके सही तरीकों की जानकारी दी गई।

■ बच्चों को स्वच्छता के प्रति किया गया जागरूक

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें दैनिक जीवन में स्वच्छ आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा हाथ धोने के पांच चरणों



का व्यवहारिक प्रदर्शन किया गया, जिसमें साबुन और स्वच्छ जल से हाथ धोने की विधि समझाई गई। विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर सीखी गई विधि का अभ्यास किया। उपस्थित अतिथियों ने बताया कि नियमित रूप से हाथ धोने से अनेक संक्रामक बीमारियों से बचाव संभव है। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के जिला समन्वयक मदन प्रमी, यूनिसेफ के जिला समन्वयक शास्त्री कुमार, विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### फसल गिरदावरी ऑनलाइन दावा-आपत्ति का काम लॉक होने से किसानों की मुश्किलें बढ़ीं

**जशपुर।** जिले में फसल गिरदावरी ऑनलाइन दावा-आपत्ति का काम लॉक हो जाने से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। किसानों का कहना है कि धान बिक्री से पहले एग्री स्टेट कार्ड बनवाने की अनिवार्यता तो कर दी गई है, लेकिन इस साफ्टवेयर में व्याप्त अनेक खामियों को दूर नहीं किया गया है। इस वजह से फौती के बाद किसानों के नाम अपडेट नहीं हो पा रहे हैं। इस वजह सैकड़ों किसानों को धान उपार्जन केंद्रों में अपनी धान फसल बिक्री की भी समस्या आ खड़ी हुई है।

पत्थलगांव के तमता क्षेत्र के प्रवास में पहुंची सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय के समक्ष आज सरपंच संघ के अध्यक्ष रोशन प्रताप सिंह के नेतृत्व में पहुंचे ऐसे ही पीड़ित किसान धनसाय पैंकरा, महादेव छत्तर, हुकुमचंद, रविशंकर पैंकरा, श्रवण सिदार ने लिखित आवेदन पत्र सौंप कर अपनी समस्या का निराकरण हेतु गुहार लगाई। विधायक गोमती साय के समक्ष किसानों ने बताया कि इस वर्ष फसल गिरदावरी एंट्री के बाद 30 सितंबर को साफ्टवेयर क्लोज कर दिया गया है। इससे संबंधित ग्राम



पंचायत के पटवारी के पास वे दावा-आपत्ति भी नहीं कर पा रहे हैं। शासन की आनलाइन प्रक्रिया में भारी गड़बड़ी को लेकर किसानों में काफी आक्रोश व्याप्त है। सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय ने तमता, बालाझार, पंडरी पानी, भैंसामुड़ा क्षेत्र से पहुंचे किसानों को आश्वस्त किया है कि जशपुर कलेक्टर से मुलाकात कर किसानों की इस जटिल समस्या का तत्काल प्रभाव से निराकरण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने किसानों की सुविधा के लिए ही विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

## यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के तहत समीक्षा बैठक

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में संचालित शिक्षा विभाग की महत्वाकांक्षी योजना यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के तहत कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में व एसडीएम कुनकुरी के मार्गदर्शन में आज 14 अक्टूबर 2025 को विकासखंड कुनकुरी में मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया समीक्षा बैठक शिक्षा समिति के अध्यक्ष बालेश्वर यादव के अध्यक्षता एवं एस पैंकरा विकासखंड शिक्षा अधिकारी और विपिन कुमार अंबष्ट बीआरसीसी कुनकुरी के द्वारा लिया गया। जिसमे विकासखण्ड के समस्त शासकीय शालाओं के प्रधानपाठक एवं संकुल शैक्षिक समन्वयक उपस्थित हुए।

बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री पैंकरा ने शासन द्वारा संचालित समस्त विभागीय योजनाओं की चर्चा की । जिसमे बच्चों की अपार आईडी, मध्याह्न भोजन योजना एवं इससे जुड़े सभी निर्देश, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति एवं शाला में पूरे दिन



रहकर अध्यापन कार्य करने, आदि कर्मयोगी योजना, छात्रवृत्ति ऑनलाइन की तैयारी, जाति प्रमाण पत्र हेतु पात्र बच्चों का आवेदन कराना, गौ विज्ञान परीक्षा हेतु पंजीयन, प्रार्थना सभा का आयोजन, वार्षिक कलेंडर का पालन करने, मूल्यांकन पश्चात पालक शिक्षक बैठक और शाला में अनियमित उपस्थिति वाले बच्चों को मुख्यधारा में लाने हेतु प्रयास आदि अनेक बिंदुओं पर आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके अलावा शिक्षक दैनंदिनी, छात्र दैनंदिनी और समस्त पंजीयों, दस्तावेजों को समय पर अद्यतन करने हेतु निर्देशित किया गया। बीआरसीसी कुनकुरी श्री अंबष्ट के द्वारा शालावार बच्चों की उपस्थिति, शिक्षकों की उपस्थिति, शाला की ग्रेडिंग और क्या बेहतर किया जा सकता है इन बिंदुओं पर समीक्षा की गई। समस्त प्रधानपाठको को अपना समस्त कार्य समय पर करने, बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने समुदाय को शाला से जोड़ने हेतु सुझाव दिया गया। बैठक में उपस्थित संकुल समन्वयक अप्सर हसन राईन एवं प्रधानपाठक श्रीमती सरिता नायक की ने फीड बैक देते हुए कहा कि जो कमियां आज के बैठक में हैं, अगामी बैठक तक पूर्ण कर ली जाएगी।

## एनडीपीएस के मामले में फरार दंपति को पुलिस ने चांदो से किया गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जेल प्रहरी को चकमा देकर फरार हुई महिला निरुद्ध बंदी को पुलिस ने पांच माह बाद न सिर्फ गिरफ्तार किया बल्कि एनडीपीएस के मामले में फरार उसके पति को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। महिला बंदनी अस्पताल से फरार होने के बाद पति के साथ चांदो में किराए के मकान में छिप कर रह रही थी। पुलिस ने दंपती को न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक खैरबार हाई स्कूल समीप निवासी आरती सोनी पति मनोज सोनी को पुलिस ने 12 अप्रैल को एनडीपीएस के मामले में गिरफ्तार किया था जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। इसी बीच 30 मई को निरुद्ध विचाराधीन बंदी आरती सोने को जेल चिकित्सक के परामर्श पर उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में भर्ती कराया। देर रात लगभग 1 से 2 बजे के बीच महिला बंदनी आरती सोनी जेल प्रहरी को चकमा देकर अस्पताल से फरार हो गई।

### जिले के 744 गांवों में डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य पूर्ण

# 4 लाख से अधिक खसरों की जानकारी ऑनलाइन अपलोड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जिले के सभी तहसीलों में एग्रीस्टैक परियोजना अंतर्गत डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके तहत जिले के कुल 744 गांवों के 4 लाख 3 हजार से अधिक खसरों में डीसीएस के माध्यम से तथा शेष खसरों में मैन्युअल गिरदावरी कर फसलों की ऑनलाइन प्रविष्टि की गई है। इसका उद्देश्य भूमि पर लगी फसल एवं उसके क्षेत्रफल का सटीक आंकलन कर पारदर्शिता एवं उत्पादकता का अनुमान सुनिश्चित करना है।

■ रकबे में लगी फसल की जानकारी ऑनलाइन देखने की भी मिली सुविधा

डीसीएस एवं मैन्युअल गिरदावरी से प्राप्त डाटा का उपयोग राज्य शासन द्वारा धान खरीदी सहित अन्य कृषि योजनाओं में किया जाएगा। विशेष अभियान के तहत चलाए गए सर्वे कार्य में सर्वेक्षण कर्ताओं द्वारा किसानों के खेतों में पहुंचकर मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से किस रकबे में कौन सी फसल लगाई गई है, इसकी जानकारी ऑनलाइन अपलोड की गई। ऑनलाइन देख सकेंगे खेत और फसल का विवरण - किसान अपने गांव का गिरदावरी डाटा राजस्व विभाग के वेबसाइट में तथा भुइयां पोर्टल के माध्यम से मैन्युअल गिरदावरी का डाटा देख सकते है। यदि किसी किसान को डीसीएस अथवा मैन्युअल गिरदावरी के डाटा में त्रुटि दिखाई देती है, तो वे संबंधित तहसीलदार के समक्ष लिखित आवेदन देकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाएगा।



#### डिजिटल तकनीक का उपयोग

इसके तहत मोबाइल इंटरफेस के माध्यम से सीधे खेत से डाटा एकत्र करने हेतु डिजिटल फसल सर्वेक्षण प्रणाली स्थापित की गई। यह प्रणाली प्रत्येक कृषि भूखंड की वास्तविक समय की जानकारी उपलब्ध कराती है, जिससे सटीक उत्पादन अनुमान लगाया जा सकेगा।

#### गोपनीयता सुनिश्चित

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 के अनुरूप एग्रीस्टैक विकसित किया गया है, जो किसानों के डेटा की गोपनीयता सुनिश्चित करता है। एग्रीस्टैक के माध्यम से सुरक्षित एपीआई और टोकन आधारित प्रमाणीकरण से डेटा तक नियंत्रित पहुंच सुनिश्चित की गई है। किसानों तक पहुंची डिजिटल सुविधा - जिन किसानों के पास मोबाइल फोन नहीं हैं, उनके लिए किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), कृषि सखियों एवं कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से पंजीयन और सेवा प्राप्ति की सुविधा दी गई। जिले में विशेष शिविरों का आयोजन भी किया गया।

**समक्ष-श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय बिलाईगढ, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं राम कुमार जायसवाल पिता भेषराम उम्र 44 वर्ष जाति कलार ग्राम मण्डोरा तहसील बिलाईगढ़, - जिला- सायगढ़-बिलाईगढ़ छ.ग. का निवासी हूँ जो कि निम्नांकित शपथ पूर्वक कथन करता/करती हूँ कि 1. यह कि मुझे शपथकर्ता उपरोक्त नाम पते का निवासी है। 2. यह कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड क्रमांक 616901363366 में धनेश्वरी बाई जायसवाल पिता राम कुमार जायसवाल दर्ज है। 3. यह कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र अन्य दस्तावेज तनिशा जायसवाल पिता राम कुमार जायसवाल दर्ज है। यह शपथपत्र मेरी पुत्री के आधार कार्ड से दर्ज नाम परिवर्तन हेतु शपथपत्र पेश है। 4. यह कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र के आधार से उनकी आधार कार्ड क्रमांक 616901363366 पर तनिशा जायसवाल पिता राम कुमार जायसवाल दर्ज करने योग्य है। 5. यह कि मेरी पुत्री का आधार कार्ड में दर्ज नाम धनेश्वरी बाई जायसवाल के स्थान पर नाम परिवर्तन कर तनिशा जायसवाल किया जाना हैं। 6. यह कि मेरी शपथकर्ता के पुत्री का नाम धनेश्वरी बाई जायसवाल पिता राम कुमार जायसवाल एवं तनिशा जायसवाल पिता राम कुमार जायसवाल एक ही व्यक्ति के नाम का तथा दोनों नाम भिन्न-भिन्न व्यक्ति के नाम से पाये जाते है तो उसकी जिम्मेदारी मेरे स्वयं की होगी। जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत हैं। 7. यह उक्त शपथ पत्र मेरी पुत्री के आधार कार्ड से नाम परिवर्तन के राजपत्र प्रकाशन बाबत पेश है।

शपथकर्ता रामकुमार

**सत्यापन**

मैं राम कुमार जायसवाल पिता भेषराम उम्र 44 वर्ष जाति कलार ग्राम मण्डोरा तह. बिलाईगढ़ जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ छ.ग. आज दिनांक को यह सत्यापित करता हूँ कि उक्त शपथ पत्र की कडिका 01 से 07 सभी बातें सही एवं सत्य हैं।

शपथकर्ता रामकुमार

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, रायगढ़**

**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भ :- जिला- रायगढ़ तहसील-रायगढ़ प.ह.न.-00008 कोसमनारा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. MD202526410306200001

**ईश्तहार**

तहसील रायगढ़ के प.ह.न. 00008 के अंतर्गत ग्राम कोसमनारा के वर्तमान भूमिस्वामी जगन्नाथ डनसेना पिता/पति-हरिशंकर डनसेना पता-कोसमनारा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 122/3(0.0150), 129/3(0.0040), 135/3(0.0280), 138/2(0.0070), 143/3(0.0320), 10/3(0.1340), 15/3(0.0640), 15/6(0.3800), 17/4(0.0670), 30/3(0.0660), 30/6(0.1350), 30/9(0.2570), 46/6(0.3440), 46/9(0.0090), 46/12(0.0550), 46/15(0.1270), 46/18(0.1060), 47/4(0.0500), 47/7(0.0170), 47/10(0.0180), 60/3(0.0770), 66/3(0.0800), 71/3(0.2650), 71/6(0.2000), 71/9(0.2090), 71/12(0.1160), 71/15(0.0200), 76/3(0.0100), 76/6(0.0130), 76/9(0.0720), 80/1(0.0110), 82/2(0.6020), 84/2(0.0230), 87/3(0.3040), 87/6(0.1880), 87/9(0.1540), 87/12(0.0180), 102/125 (0.0280), 102/128(0.0100), 102/131(0.0320), 102/134(0.0150), 102/137(0.0100), 102/140(0.0350), 102/143(0.0070), 102/146(0.0410), 102/149(0.0480), 102/152(0.0360), 102/155(0.0400), 102/158(0.1110), 102/161(0.0170), 102/164(0.1070), 102/167(0.0810), 102/170(0.0100), 102/173(0.0520), 102/176(0.0310), 102/179(0.0320), 102/182(0.0990), 102/185(0.0300), 102/188 (0.0520) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता पंकज डनसेना वगैरह पिता/पति-डमरूधर डनसेना पता-कोसमनारा के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 31/10/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायगढ़ पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/10/2025 को जारी किया जाता है।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**तहसील आरंग**





## खबर संक्षेप

### 5 हजार के लालच में गंवाए 1.60 लाख रुपए

**राउरकेला।** 5 हजार रुपए के नकली इनाम के लालच में एक युवती ने 1 लाख 60 हजार 40 रुपए गंवा दिए। साइबर ठगों ने खुद को गूगल पे का कर्मचारी बताकर युवती को झांसे में लिया और 32 बार अलग-अलग ओटीपी लेकर उसके बैंक खाते से रकम उड़ा ली। घटना छेंड थाना क्षेत्र की है। 24 वर्षीय युवती को एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने कहा कि उसके मोबाइल नंबर पर 5 हजार रुपए का पुरस्कार आया है। लिंक भेजकर ओटीपी साझा करने को कहा गया। युवती ने ठग की बातों पर भरोसा कर ओटीपी शेयर कर दिएए जिससे उसके खाते से 1.60 लाख रुपए निकल गए। जब उसने ठग से संपर्क करने की कोशिश की, तो नंबर बंद मिला। ठगी का एहसास होते ही उसने सोमवार को चेंद थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने पांच जुआरियों से किया 65 हजार जब्त

**रायगढ़।** दीपावली पूर्व जुआ पर सख्त निगरानी के तहत जूटमिल पुलिस ने ग्राम सांगीतराई डीपापारा आलू बाड़ी के पास दबिश देकर पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से ताश के पत्ते, प्लास्टिक की दरी और 65,700 नगद बरामद कर जब्त किया है। जानकारी के अनुसारए 14 अक्टूबर की शाम थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक प्रशांत राव को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सांगीतराई डीपापारा आम रोड के किनारे कुछ लोग ताश पत्तियों से रुपए पैसे का दांव लगाकर सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर जूटमिल पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी कर रेड की कार्रवाई की, जिसमें पांच जुआरी पकड़े गए। दिवाकर वैष्णव पिता कृष्णदास वैष्णव उम्र 33 वर्ष निवासी छातामुड़ा नाका, मानस कर्मकार पिता स्व. सपन कर्मकार उम्र 47 वर्ष निवासी कबीर चौक, जितेन्द्र कुमार माली पिता स्व. भृगु माली उम्र 35 वर्ष निवासी फटहामुड़ा, आकाश महंत पिता रमेश महंत उम्र 22 वर्ष निवासी सांगीतराई महंतपारा और राजेश मांझी पिता स्व. चंद्रिका मांझी उम्र 42 वर्ष निवासी एफसीआई गोदाम रावण आटो के पास थाना जूटमिल। जुआरियों के फड़ से 65,700 नकद, 52 पत्तियों की ताश की गड्डी और एक प्लास्टिक की दरी जब्त कर सभी आरोपियों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### युवा सम्मेलन में 3 सौ से अधिक युवाओं ने लिया भाग

**अकलतरा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा शाखा डिवाइन इंडिया यूथ एसोसिएशन द्वारा ग्राम अकलतरी मधुवा में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के दौरान यज्ञ स्थल पर युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया।
इस अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए दिया छ.ग.के प्रांत विस्तारक कन्हैया चौहान ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की समृद्धि उन्नति एवं प्रगति का आधार है इतिहास साक्षी है कि संसार में जितनी भी महत्वपूर्ण क्रांतियां हुई है ।

### बरसात बीतने के बाद भी नहीं पहुंची राइट्स की टीम

# पूछ रही जनता: चक्रधर नगर रेलवे क्रॉसिंग में कब बनेगा आरओबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



चक्रधर नगर रेलवे क्रॉसिंग पर प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) आखिर कब बनेगा इस बारे में अधिकारी भी स्पष्ट रूप से नहीं बता पा रहे हैं, जिससे अब जनता सवाल पूछने लगी है कि यह सिर्फ सपना है या कभी साकार भी होगा। इधर 6 माह पूर्व होने वाले री-सर्वे का भी अब तक कोई अता-पता नहीं है। सेतु विभाग द्वारा पत्राचार करने और बरसात बीतने के बाद भी कंसल्टेंट कंपनी राइट्स की टीम दोबारा सर्वे करने नहीं पहुंची है, जिससे स्थिति जस की तस बनी हुई है।

खास खबर

दरअसल चक्रधर नगर रेलवे फाटक में वाई शेप का रेलवे ओवरब्रिज बनना है। स्थानीय विधायक व वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रयास से यहां आरओबी बनाने के लिए करीब 80 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। राशि स्वीकृत होने के बाद पूर्व में यहां का ड्राइंग डिजाइन भी तैयार किया जा चुका है, लेकिन इसमें कुछ बदवाल होना है। पुराने सर्वे में वर्तमान रोड के उपर ही वाई शेप में ब्रिज बनाने का डिजाइन है, लेकिन अब राइट्स को दोबारा सर्वे के लिए कहा गया है। इसका कारण यह है कि चक्रधर नगर रेलवे क्रॉसिंग में आरओबी की पुरानी ड्राइंग डिजाइन पर कई लोगों ने आपत्ति जताई है। स्थानीय नेताओं ने राज्य सरकार तक इसकी शिकायत की है। ऐसे में दोबारा सर्वे में इस बात का ध्यान रखा जाना है कि निजी भूमि को कम से कम लिया जाए। जिससे ब्रिज के निर्माण में किसी तरह का कोई विरोध या बाधा उत्पन्न न हो सके। इस बात को करीब 6 माह बीत गए हैं, लेकिन अब तक कंसल्टेंट कंपनी राइट्स दोबारा सर्वे करने नहीं पहुंची है। जिससे आरओबी निर्माण का मामला फिर से ठंडे बस्ते में चला गया है।

#### पुराने सर्वे में इस तरह बनता आरओबी

लोगों द्वारा लगातार की जा रही मांग को देखते हुए रायगढ़ विधायक व वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रयास से पीडब्ल्यूडी के सेतु निगम द्वारा चक्रधरनगर रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण की योजना बनाई गई। इसके लिए कई चरणों में सर्वे व निरीक्षण भी किए गए। इसके तहत बाकायदा अंबेडकर चौक, डीएफओ क्वार्टर से लेकर सरला विरला काम्पलेक्स व पॉलिटेक्निक कॉलेज मार्ग तक वाई शेप में ब्रिज बनाने का नक्शा भी तैयार कर लिया गया था। ऐन वक्त पर स्थानीय व्यापारियों ने दुकानदारी नहीं चलने की आशंका से सर्वे के समय ही अपना विरोध जताया। इसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी अहम भूमिका निभाई। यही कारण है कि अब यहां दोबारा सर्वे करने की तैयारी चल रही है।

#### भाजपा पार्षदों ने की शेड निर्माण की मांग

चक्रधर नगर रेलवे क्रॉसिंग में आरओबी निर्माण में हो रही लेटलतीफी को लेकर भाजपा पार्षदों ने शेड निर्माण की मांग की है। पार्षदों ने रेलवे क्रॉसिंग पर आम जनता को हो रही परेशानी को दूर करने के लिए रायगढ़ विधायक व वित्त मंत्री ओपी चौधी को पत्र लिखा है। जिसमें कहा गया है कि फाटक पर ट्रेनों के अत्यधिक आवागमन के कारण गेट लंबे समय तक बंद रहता है। इससे फाटक के दोनों ओर लोगों को धूप, बारिश, तेज आंधी का सामना करना पड़ता है।

#### शहरवासी सालों से झेलते आ रहे हैं रेलवे फाटक का दंश

चक्रधरनगर चौक से अतरमुड़ा, जिला पंचायत, कलेक्टोरेट, डिग्री कॉलेज, मेडिकल कॉलेज सहित अन्य सरकारी विभागों के अलावा पंडरीपानी, जामगांव, कोतरलिया जैसे ग्रामीण क्षेत्रों की ओर जाने के लिए लोगों को इसी रेलवे क्रासिंग को पार करना होता है। इसके अलावा सिंधी कालोनी, बोईरदादर, बेलादुला, विजयपुर, संबलपुरी जैसे क्षेत्रों की ओर जाने के लिए भी लोगों को चक्रधर नगर रेलवे क्रासिंग से होकर ही गुजरना होता है। इकलौते मुख्य मार्ग पर रेलवे क्रासिंग आवागमन करने वालों के लिए एक मुसीबत बन गया है। लगभग हर 10 मिनट में किसी ट्रेन के गुजरने और कई मर्तबा सिग्नल नहीं होने के कारण फाटक बंद कर दिया जाता है, जिससे लोगों को धूप और बारिश में काफी देर तक फाटक खुलने का इंतजार करना पड़ता है। जिससे लोग काफी हलाकान और परेशान होते हैं। सालों से लोग इस दंश को झेलते आ रहे हैं, लेकिन उन्हें इस समस्या से अब तक निजात नहीं मिल पाया है।

चक्रधरनगर रेलवे क्रॉसिंग में आरओबी निर्माण के लिए करीब 90 करोड़ का स्टीमेट बना कर उच्च कार्यालय को भेजा गया है। इसमें एक मामला फंस रहा था कि आरओबी की जगह अंडरब्रिज बनाया जाए। बात रही री-सर्वे की तो पुराना प्रकरण होने की वजह से इसकी मुझे जानकारी नहीं है, मैं इसे दिखवाता हूं।
**संतोष भगत,** ईई, सेतु निगम

## नाबालिग से गैंगरेप, आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



बरमकेला थाना क्षेत्र अंतर्गत शरद पूर्णिमा में मेला देखने गई नाबालिग बालिका से गैंगरेप करने वाले आरोपियों को अपर सत्र न्यायाधीश अमित राठौर फॉस्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (पॉक्सो एक्ट) सारंगढ़ ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

जानकारी के आरोपी शिवा भारती पिता दुखु भारती और पोषण भारती पिता भारत भारती दोनों खरवानीपारा बरमकेला के रहने वाले हैं। पीडित नाबालिग बालिका 17 अक्टूबर 2024 को अपनी सहेली एवं मित्र के साथ ग्राम धौठला शरद पूर्णिमा मेला देखने जा रही थी, तभी आरोपियों के द्वारा बरमकेला जंगल के पास रात करीब 12 बजे उनका रास्ता रोका गया। वहीं नाबालिग को जबरन अपनी मोटर सायकल में बैठाकर अपने घर ले जाकर बलपूर्वक पीडिता के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। घटना की रिपोर्ट पर थाना बरमकेला में अपराध दर्ज कर अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। पीडित बालिका की उम्र 16 वर्ष, 5 माह होने पर प्रकरण लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 का पाए जाने से अपर सत्र न्यायाधीश फॉस्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट सारंगढ़ के द्वारा मामले का त्वरित विचारण कर सभी साक्ष्यों एवं गवाहों के बयान पर विचार करने के बाद आरोपियों को आजीवन कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया गया है। अदालत के द्वारा मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पीडिता के शारीरिक एवं मानसिक क्षति एवं पुनर्वास हेतु राज्य शासन से प्रतिकर भुगतान किए जाने की अनुशंसा की गई है। यह फैसला बाल सुरक्षा एवं यौन अपराधों के खिलाफ राज्य शासन एवं न्याय पालिका की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है, साथ ही लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के प्रभावी कार्यान्वयन को प्रभावित करता है। इस प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक प्रफुल्ल कुमार तिवारी ने पैरवी की है।

### अपहृत नाबालिग के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**अकलतरा।** नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी को अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में अकलतरा पुलिस से यह जानकारी मिली कि अज्ञात व्यक्ति नाबालिक बालिका को वर्ष 2023 में बहला फुसलाकर कर भगा ले गया था, जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना अकलतरा में धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया था। अपहृत नाबालिका एवं आरोपी की थाना अकलतरा पुलिस द्वारा लगातार पातासाजी की जा रही थी।

## सुंदरगढ़ के भवानीपुर से 67 किलो गांजा जब्त, महिला समेत तीन गिरफ्तार

**सुंदरगढ़।** जिले की पुलिस ने मंगलवार शाम एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सुंदरगढ़ टाउन के भवानीपुर क्षेत्र में चल रहे अंतर जिला गांजा तस्करी गिरोह का भांडाफोड़ किया है। यह छापामारी विश्वसनीय सूचना के आधार पर सुंदरगढ़ एसपी अमृत पाल कौर के निर्देश पर गठित विशेष पुलिस दल ने की है। छापे का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संता नूतन सामद ओपीएस 1 ने कार्यपालक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में किया। छापे के दौरान पुलिस ने 67 किलो 500 ग्राम गांजा, 1,05,400 नकद, चार मोबाइल फोन, तीन कार बालेनो, स्विफ्ट, आयोन, दो मोटरसाइकिल पल्सर, जुपिटर सहित कई दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, टोल रसीदें व होटल बिल बरामद किए।

पुलिस ने तीन आरोपियों अजीत उरांव 25 निवासी पोसापाली लता, ब्राह्मणी तरंग थाना राउरकेला, संजीब खलखो 33 तथा रेशमा एक्का 24, दोनों निवासी कोरोंगा नुआ पाड़ा कुतरा निवासी को गिरफ्तार किया है। जांच में खुलासा हुआ है कि यह गिरोह सोनपुर और बौध जिलों से गांजा लाकर सुंदरगढ़ व आसपास के जिलों में सप्लाई करता था। पुलिस अब सप्लाई चेन में जुड़े अन्य लोगों और



आर्थिक लेनदेन की जांच कर रही है। पुलिस मुख्यालय में एसपी अमृत पाल कौर ने एएसपी शांता नूतन, एसडीपीओ निर्मल महापात्र व टाउन थाना प्रभारी की उपस्थिति में बुधवार के अपराह्न में प्रेसवार्ता कर इंटर डिस्ट्रिक्ट गांजा सिंडिकेट का भंडाफोड़ कर 67.5 केजी गांजा के साथ तीन तस्करों की गिरफ्तारी की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों, शराब व प्रतिबंधित वस्तुओं की अवैध तस्करी के खिलाफ ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत शून्य सहनशीलता नीति के तहत लगातार कार्रवाई जारी है। बता दें कि जब्त गांजा का बाजार मूल्य 15 लाख रुपए से अधिक बताया जा रहा है।

## इंड सिनर्जी में वेल्डिंग करते समय 45 फीट उंचाई से गिरा वेल्डर, मौत

सुरक्षा मानकों की अनदेखी से हुआ हादसा, जांच में जुटी चक्रधरनगर पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत इंड सिनर्जी प्लांट में एक दर्दनाक हादसा हो गया। इस हादसे में बिहार के एक युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक कंपनी अंदर हॉपर के प्लेटफार्म में चैनल वेल्डिंग कर रहा था, इस दौरान वह करीब 45 फीट उंचाई से नीचे गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे का कारण सुरक्षा मानकों की अनदेखी को बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

दरअसल औरंगाबाद जिले के रिसियप थानांतर्गत ग्राम देउरी नेवरा निवासी श्रीकांत कुमार सिंह पिता अर्जुन सिंह 21 वर्ष रायगढ़ के पूर्वांचल स्थित कोटमार में संचालित इंड सिनर्जी पावर प्लांट में एजी कंट्रक्शन में ठेकेदार अदालत गिरी के अंडर वेल्डर का काम करता था। मंगलवार की शाम से रात तक उसकी ड्यूटी थी। बताया जता



रहा है कि कंपनी के स्टॉक हाउस के पास हॉपर में प्लेटफॉर्म बनाने का काम चल रहा था। देर शाम करीब साढ़े 6 बजे श्रीकांत हॉपर के करीब 45 फीट ऊपर प्लेटफार्म में चढ़कर चैनल वेल्डिंग का काम कर रहा था। इस दौरान अचानक उसका शारीरिक संतुलन बिगड़ते ही वह नीचे गिर गया। श्रीकांत को हॉपर से नीचे गिरते देख आसपास काम कर रहे कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। घटना के बाद आनन-फानन में श्रीकांत को शहर के बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल लाया गया, जहां डॉक्टर्स ने प्राथमिक उपचार के दौरान ही उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम करा दिया है। वहीं मामले की जांच की जा रही है।

#### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

मृतक श्रीकांत ठेकेदार अदालत गिरी के एजी कंट्रक्शन में दो साल से काम कर रहा था। उसकी मौत से परिजनों में मातम पसरा हुआ है। जानकारों की माने तो हॉपर में 45 फीट ऊपर चढ़कर प्लेटफार्म में चैनल वेल्डिंग का काम कर रहे श्रीकांत को सुरक्षा के जरूरी संसाधन उपलब्ध नहीं कराया गया था। सुरक्षा इंतजाम में चूक की वजह से उसकी जान चली गई।

## गांजा तस्कर ओडिशा से गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तमनार पुलिस ने 6 महीने से फरार चल रहे गांजा तस्कर को ओडिशा से गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में उसे जेल भेज दिया है।
दरअसल तमनार थाना प्रभारी निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर अपनी टीम के साथ आरोपी की तलाश में अंगुल ओडिशा रवाना हुई थीं।

आरोपी की गिरफ्तारी के लिए जहां साइबर सेल की तकनीकी मदद ली गई, वहीं मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया था। ह्यूमन इनपुट के आधार पर फरार आरोपी



दिलीप कुमार प्रधान के जेएसडब्ल्यू प्लांट ठेकलोई, संबलपुर में होने की जानकारी मिलने पर तमनार पुलिस ने दबिश देकर उसे हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने मोबाइल फोन से यूपीआई के माध्यम से गांजा की बुकिंग और सप्लाई करने की बात कबूल की है। ज्ञात हो कि इसी साल 23 मई को ग्राम टांगरघाट के श्रीपति चौहान, रोहित किसान और विमल यादव को 37 किलो गांजा सहित गिरफ्तार किया गया था। उक्त प्रकरण में थाना तमनार में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी, जिसमें उक्त तीनों आरोपी वर्तमान में जिला जेल रायगढ़ में बंद हैं। इस अपराध की विवेचना में गिरफ्तार आरोपियों की दिलीप कुमार प्रधान से लेनदेन संपर्क के सबूत मिले थे। जांच के दौरान फरार चल रहे आरोपी दिलीप कुमार प्रधान पिता किलोमणि मनी प्रधान 29 वर्ष निवासी ग्राम कांडली मुंडा थाना किशोर नगर जिला अंगुल ओडिशा को आज विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## रतेरिया व थवाइत अधिमान्यता समिति में

**रायगढ़।** शहर के दो वरिष्ठ पत्रकारों को राज्य एवं संभाग स्तरीय मीडिया प्रतिनिधि अधिमान्यता समिति का सदस्य बनाया गया है। राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ समाचार मीडिया प्रतिनिधि अधिमान्यता नियम2019 के नियम 5 के तहत गठित इस समिति में





वरिष्ठ पत्रकार अनिल रतेरिया को राज्य स्तरीय अभिमान्यता समिति का सदस्य बनाया गया है। वहीं प्रेस क्लब के अध्यक्ष हेमंत थवाइत को बिलासपुर संभाग स्तरीय अधिमान्यता समिति का सदस्य बनाया गया है। सरगुजा संभाग की समिति में वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा और कोरिया के प्रविन्द्र सिंह को सदस्य बनाया गया है।

## मैराथन में संजना एवं अजीम को प्रथम स्थान

**अकलतरा।** नगर के लायंस डीएवी पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के लिए मैराथन दौड़ का शुभारंभ लायंस क्लब के अध्यक्ष गगन सिंघानिया के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

प्रतियोगिता में कक्षा नवमी से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने "स्वस्थ रहो, आगे बढ़ो" के नारों के साथ दौड़ लगाई। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पूरी व्यवस्था संभाली तथा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। मैराथन प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान में संजना कौशिक कक्षा नवमी, द्वितीय स्थान में साक्षी साहू कक्षा दसवीं और तृतीय स्थान में श्रुति सिंह बैस ने प्राप्त किया। इसी तरह बालक वर्ग में प्रथम स्थान अज़ीम अहमद कक्षा



नवमीं ,द्वितीय स्थान में मांशु प्रकाश कक्षा बारहवीं और तृतीय स्थान में पुष्प कुमार साहू कक्षा नवमीं रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य सुनील श्रीवास्तव ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। मैराथन जैसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और सहनशक्ति बढ़ाने के साथ-साथ स्वस्थ जीवन के प्रति प्रेरणा देती हैं।

### त्यौहारी सीजन में पुलिस का सड़क सुरक्षा पर फोकस

# शराबी चालकों पर गिरी पुलिस की गाज, एक ही दिन में 37 पर एमवी एक्ट की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मंगलवार को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 37 लोगों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की गई है। इनमें कोतरारोड पुलिस ने सर्वाधिक 7 वाहन चालकों को पकड़ा है। सभी के खिलाफ इस्तगाशा तैयार कर न्यायालय में पेश किए जाने की कार्रवाई की जा रही है।

ज्ञात हो कि मोटर व्हीकल एक्ट की धारा



185 के तहत शराब पीकर वाहन चलाने पर पहली बार पकड़े जाने पर 6 माह तक की कैद या 10 हजार तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं, जबकि दूसरी बार अपराध करने पर सजा और जुर्माने में वृद्धि का भी प्रावधान है।

#### रोजाना चलेगा अभियान : डीएसपी

ट्रैफिक डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह ने बताया कि आगामी त्यौहारी सीजन को देखते हुए पुलिस द्वारा शहर और तहसील स्तर पर प्रतिदिन जांच अभियान जारी रहेगा। एसपी दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा तेज रफ्तार, मॉडिफाई साइलेंसर और नशे में वाहन चलाने वालों पर विशेष निगरानी रखने और कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं, जिसके तहत पुलिस की यह मुहिम लगातार जारी रहेगी।

## शराब के नशे में स्कूल में हंगामा मचाने वाला व्याख्याता निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शराब के नशे में स्कूल में हंगामा मचाने और छात्राओं के सामने गाली-गलौज करने वाले व्याख्याता को विभाग ने निलंबित कर दिया है। इस कार्रवाई के बाद शराबी शिक्षकों के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

दरअसल शराबी शिक्षक महेश राम सिदार लैलूंगा ब्लॉक के लारीपानी गांव के स्वामी आत्मानंद स्कूल में व्याख्याता एलबी के पद पर पदस्थ थे। गुरुवार की सुबह स्कूल में जब क्लास चल रही थी तभी महेश राम सिदार नशे में धुत्त होकर पहुंचे और जमकर हंगामा मचाया। प्राचार्य द्वारा समझाइश देने पर वह उल्टा उनसे और स्टाफ से झगड़ने लगा। ऐसे में प्राचार्य ने इस घटना की जानकारी डीईओ और लैलूंगा थाने में दी थी। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ ने लोक शिक्षण संचालनालय को पत्र लिखकर इस पूरे मामले की जानकारी दी। ऐसे में विभाग के उच्चाधिकारियों ने



मामले को गंभीरता से लिया और शिक्षक महेश राम सिदार पर कार्रवाई करते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम के तहत 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर कर दिया है। वहीं निलंबित शिक्षक महेश राम सिदार को जिला मुख्यालय रायगढ़ कार्यालय में अटैच कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान संबंधित कर्मचारी को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### जान से मारने की धमकी, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर चांपा।** पुरानी रंजिश को लेकर तलवार से जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सिटी कोतवाली कके वार्ड क्रमांक 18 का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार 14 अक्टूबर को जिला मुख्यालय जांजगीर के वार्ड क्रमांक 7 निवासी पवन यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी देवप्रकाश यादव वहां पर आया और उसे रंजिश को लेकर अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुये तलवारनुमा हथियार को लेकर मारने के लिये लहराते हुये दौडा, जिस पर वह जान बचाकर भागने लगा। थाना जांजगीर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी देवप्रकाश यादव को पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर घटना घटित जुर्म स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजी गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक मणिकांत पाण्डेय थाना प्रभारी जांजगीर, राकेश राठौर, प्रकाश राठौर, विनोद कुमार राठौर, उमेश रत्नाकर का योगदान रहा।

### ढाबा में युवक ने तोड़फोड़ कर मचाया हंगामा

**सुंदरगढ़।** टाउन थाना क्षेत्र के रानी बागीचा बाइपास स्थित वैशाली ढाबा में स्थानीय युवक की हरकत से हड़कंप मच गया। नशे की हालत में धुत्त युवक ने ढाबे में जमकर तोड़फोड़ की और ढाबा मालिक व कर्मचारियों को बेरहमी से पीटा। ढाबा मालिक ने बताया कि युवक और उसके साथियों ने पहुंचते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और सामान तोड़ दिया। विरोध करने पर उन्होंने ढाबा स्टाफ पर भी हमला किया। यह पहली घटना नहीं है ढाबा मालिक ने कहा कि यह युवक पहले भी कई बार तोड़फोड़ कर चुका है और चार दिन पहले भी उसने इसी तरह की हरकत की थी। ढाबा में लगे सीसीटीवी कैमरे ने पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई है। पुलिस फुटेज जब्त कर आरोपी युवक और उसके साथियों की पहचान में जुट गई है। इस घटना ने इलाके में सुरक्षा और शांति की चिंता बढ़ा दी है।

### अनुपूरक सूचियों का मुद्रण कार्य के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के आगामी पुनरीक्षण कार्यक्रम के परिप्रेक्ष्य में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 33-अकलतरा, 34-जांजगीर-चांपा, 35-सक्ती (आंशिक), 37-जैजैपुर (आंशिक) एवं 38 पामगढ़ (अ.जा.) अंतर्गत कुल 1006 मतदान केन्द्रों के फोटोयुक्त व फोटोरहित निर्वाचक नामावलियों यथा मदर रोल एवं आयोग के निर्देशानुसार अनुपूरक सूचियों का मुद्रण कार्य किये जाने हेतु इच्छुक एवं योग्य फर्मो से पंजीकृत डाक द्वारा आवेदन आमंत्रित किया गया है।

### सफलता संकल्प उत्सव ज्ञान सेवा और प्रेरणा का संगम आज

**जांजगीर-चांपा।** हरि लीला ट्रस्ट, बनारी जांजगीर-नैला द्वारा आयोजित मेगा इवेंट "सफलता संकल्प उत्सव 2025 का भव्य आयोजन गुरूवार 16 अक्टूबर को किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन होटल ड्रीम पॉइंट, जांजगीर में दोपहर 4 बजे से 7 बजे तक संपन्न होगा। यह आयोजन समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तित्वों, प्रतिभावान विद्यार्थियों और प्रेरक संस्थाओं को एक ही मंच पर सम्मानित करने का विशेष अवसर बनेगा। कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा।

### उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत 25 तक

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थानों जैसे आईआईटी, एम्स, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, एनआईटी, आदि में चयन उपरांत प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना संचालित की जा रही है। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उच्च व्यावसायिक संस्थानों जैसे आईआईटी, एम्स, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, एनआईटी में मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना संचालित की जा रही है।

## हम कोसा सिल्क बुनाई के भविष्य को बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं : पाई

# हिंडाल्को ने ताना बाना समारोह में कोसा बुनकरों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोसाला एक संस्था ही नहीं है, बल्कि हमारी मां है। कोसाला ने हमारे जीवन को बदल दिया है। कोसाला हमारे जीवन को हर बीते दिन के साथ बदल रही है। हिंडाल्को ने हम बुनकरों के जीवन में कई बदलाव लाए हैं। अब हम ज़्यादा कमा रहे हैं और बचत भी कर पा रहे हैं यह कहना है खुदी राम देवांगन का जो पिछले दो वर्षों से कोसाला से जुड़कर काम कर रहे हैं। कोसला आजीविका और सामाजिक फाउंडेशन एक गैर लाभकारी सामाजिक उद्यम है जो आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख मेटल कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज की सहायक कंपनी है। कोसला छत्तीसगढ़ के कोसा रेशम बुनकरों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

बुधवार को कोसाला द्वारा चांपा और आस पास की 24 महिला बुनकरों को उनके सार्थक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। बुनकर, रंगरेज़ और कोसा धागा निर्माताओं सहित कोसला समुदाय के सदस्यों के लिए आयोजित एक सम्मान समारोह ताना बाना समारोह में महिला बुनकरों और योगदानकर्ताओं को हिंडाल्को के एमडी सतीश पाई सीईओ, स्पेशियलिटी एल्युमिना एंड केमिकल्स बिजनेस सह निदेशक कोसला सौरभ खेडेकर और बिजनेस हेड कैलाश पांडेय द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से किया गया। इस कार्यक्रम में बुनकरों और कोसा सूत निर्माताओं सहित कोसाला समुदाय के प्रमुख सदस्यों को एक साथ एक मंच पर लाया गया। सौरभ खेडेकर ने कहा कि हम आपको परिवार की तरह मानते हैं और इस प्राचीन कला शिल्प के प्रति आपका योगदान अभूतपूर्व है। हम पारंपरिक प्रथाओं को जीवित रखने, सभी प्रक्रियाओं को मानवीय, न्यायसंगत और पारिस्थितिक रूप से संतुलित रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कोसला के माध्यम से हमारा लक्ष्य कारीगरों के लिए आर्थिक अवसरों को बढ़ाना और उन्हें ऐसे उत्पाद बनाने में अपनी उत्कृष्टता और त्रुटिहीन कलात्मकता को प्रदर्शित करने के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान करना हैए जिससे यह कला नई ऊचाइयों को छुए। छत्तीसगढ़ के कोसा सिल्क से खूबसूरती से डिजाइन और हाथ से बुनी गई साड़ियां, दुपट्टे और स्टोल दुनिया भर में पसंद की जा रही हैं।



### निहारिका यादव ने कथक नृत्य की दी प्रस्तुति

ताना बाना समारोह में रायगढ़ घराने की प्रसिद्ध कथक कलाकार निहारिका यादव द्वारा एक शानदार कथक नृत्य प्रदर्शन के साथ कोसा बुनाई के सांस्कृतिक महत्व पर भी प्रकाश डाला गया, जिसने अपनी सुंदर कलात्मकता से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर अपने संबोधन मेंए सीईओ कोसला नीता शाह ने कहा कि ताना बाना कारीगरों के अथक प्रयासों को पहचानने और उनके शिल्प का जश्न मनाने का हमारा एक प्रयास है। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य रेशम उत्पादन विभाग, चांपा सहायक संचालक मधु कुमार चंदन, बुनकर सेवा केंद्र रायगढ़ के सहायक निदेशक विजय सवनेकर उपस्थित थे।

**कोसाला को मिले अंतर्राष्ट्रीय पहचान**

उनके योगदान की प्रशंसा करते हुए हिंडाल्को के एमडी सतीश पाई ने कहा कि हिंडाल्को का प्रयास है कि कोसाला को एक अंतरराष्ट्रीय पहचान दी जाए। हम चाहते हैं कि कोसा की परंपरा एक व्यवसाय के रूप में खड़ी हो और यह अपने पैरों पर पूरी तरह खड़ी हो जाए। उन्होंने कहा कि जब मैं पहली बार रायगढ़ आया था तो कोसा उत्पादन को देखा था और तभी कंपनी ने यह तय किया था कि इस कला को हमें न सिर्फ पुनर्जीवित करना है बल्कि देश-विदेश में आपकी इस कला को फैलाना है।

## जिले में कुल 1,217 मतदान केंद्र, 61 नए मतदान केन्द्रों की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की सुविधा और बेहतर चुनाव व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किए गए मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण के प्रस्ताव को भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा मंजूरी दे दी गई है। जिसके पश्चात अब जिले में कुल 1217 मतदान केन्द्र हो गए है।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि रायगढ़ जिले के 4 विधानसभा क्षेत्र 15 लैलूंगा के 282 मतदान केन्द्र, 16 रायगढ़ के 292 रायगढ़ जिला में 233 एवं सारंगढ़ जिला में 59 मतदान केन्द्र, 18 खरसिया के 289 मतदान केन्द्र एवं 19 धरमजयगढ़ के 293 मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण में 61 नए मतदान केन्द्र, 1 भवन परिवर्तन, 2 स्थल परिवर्तन, 14 मतदान केन्द्र के अनुभाग परिवर्तन, 1 मतदान केन्द्र के अनुभाग का नाम परिर्वतन, 4 नया अनुभाग निर्माण के प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ रायपुर को भेजे गए थे। रायगढ़ जिला द्वारा उपरोक्तानुसार भेजे गए मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के प्रस्ताव को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सहमति एवं स्वीकृति प्रदान कर दी गई है, जिसके अनुसार रायगढ़ जिले के 4 विधानसभा क्षेत्र 15 लैलूंगा के 293 मतदान केन्द्र, 16 रायगढ़ के 326 मतदान केन्द्र रायगढ़ जिला में 262 एवं सारंगढ़ जिला में 64, 18 खरसिया के 299 एवं 19 धरमजयगढ़ के 299 मतदान केन्द्र हो गए है।

### 18 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन एवं प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी क्रिस्टोफर खलखो के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए अवैध महुआ शराब की जब्त की गई है। प्राप्त शिकायत के आधार पर आबकारी वृत्त रायगढ़ उत्तर की टीम ने ग्राम गेरवानी, थाना पूंजीपथरा में दबिश दी। इस दौरान पोषण झरिया नामक व्यक्ति के आधिपत्य से कुल 18.720 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) 59(क) के तहत प्रकरण क्रमांक दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक अंकित अग्रवाल, मुख्य आरक्षक तुलेश्वर राठौर, आरक्षक अनिशा तिर्की एवं वाहन चालक शिव गोस्वामी की सक्रिय भूमिका रही।



## महापौर ने पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**रायगढ़।** शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिले में राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन 16 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इसी क्रम में आज नगर निगम रायगढ़ के महापौर जीवर्धन चौहान द्वारा पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पोषण रथ आमजन को संतुलित आहार, स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करेगा। स्वस्थ समाज का निर्माण तभी संभव है जब हर नागरिक पोषण के महत्व को समझे।

- राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आमजन में पोषण जागरूकता बढ़ाने की पहल

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी एलआर कच्छप ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जिलेभर में पोषण संबंधी जागरूकता, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विविध गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। पोषण अभियान का प्रमुख उद्देश्य व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी व्यवहार परिवर्तन लाना है। जिला स्तर पर यह अभियान विभिन्न विभागों के समन्वय से क्रियान्वित किया जा रहा है। इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह के मुख्य विषयों में मोटापे का समाधान, स्थानीय खाद्य पदार्थों को बढ़ावा देना, प्रारंभिक बाल अवस्था की देखभाल एवं शिक्षा तथा शिशुओं एवं छोटे बच्चों के आहार संबंधी प्रथाएं शामिल हैं। यह पोषण रथ जिले की विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में भ्रमण कर हितग्राहियों को पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करेगा।



## रबी फसल के संबंध में कृषि कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कृषि कार्यशाला सह प्रशिक्षण कलेक्टर सभाकक्ष सारंगढ़ में आयोजित किया गया। इस समीक्षा बैठक में प्रकाश सर्वे अपर कलेक्टर, मधु गबेल डिप्टी कलेक्टर, आशुतोष श्रीवास्तव उप संचालक, दिनेश गाँधी स्टेट हेड इफको कंपनी, भूपेंद्र पाटीदार जिला प्रतिनिधि, शारदा पैकरा बीज निगम प्रक्रिया प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, सारंगढ़, बिलाईगढ़ एवं बरमकेला के कृषि विकास अधिकारी एवं समस्त ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी उपस्थित हुए। इस कार्यशाला सह प्रशिक्षण में दिनेश गाँधी द्वारा नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग एवं महत्त्व के विषय प्रशिक्षण दिया गया।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, एग्रीस्टेक पोर्टल में कृषक पंजीयन, धान खरीदी कृषकों कैरी फारवर्ड, वन पट्टाधारी कृषकों के सत्यापन, ग्रीष्मकालीन धान का रकबा कम कर दलहन तिलहन एवं अन्य उद्यानिक फसले बोने की रणनीति, बीज उत्पादन कार्यक्रम, फसल कटाई प्रयोग एवं अन्य समसामयिक विषयों पर प्रकाश सर्वे अपर कलेक्टर द्वारा समीक्षा लिया गया। रबी फसल 2025-26 हेतु सभी योजनाओं के लक्ष्य एवं तैयारियों के सम्बन्ध में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों एवं क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों तथा बीज निगम प्रक्रिया प्रभारी से बीज के उपलब्धता के विषय पर चर्चा किया गया। एग्रीस्टेक पोर्टल में कृषक पंजीयन शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत ई केवाईसी, आधार सीडिंग, लैंड सीडिंग एवं वन पट्टा धारक कृषकों का सत्यापन दो दिवस के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है। रजत जयंती महोत्सव 17 अक्टूबर से 24 अक्टूबर के मध्य जिले में मनाया जाएगा। इस सम्बन्ध में आशुतोष श्रीवास्तव उप संचालक कृषि जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा सभी विकासखंडो को विकासखंड स्तर कृषक प्रशिक्षण एवं राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन तिलहन अंतर्गत जिला स्तरीय किसान मेला आयोजन किये जाने हेतु दिशा निर्देश दिया गया।



## ड्रिक एंड ड्राइव अभियान के तहत 3 शराबी चालकों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले 37 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। साथ ही ड्रिक एंड ड्राइव अभियान के तहत 3 शराबी चालकों को पकड़ा गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ड्रिंक एंड ड्राइव के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में सख्त कार्रवाई की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में अलग अलग जगहों से 3 शराबी वाहन चालकों को पकड़ा गया। इसके अतिरिक्त सघन वाहन चेकिंग के दौरान तेज गति (ओवरस्पीडिंग) से वाहन चलाने, बिना हेलमेट के मोटर सायकल चलाने, ट्रिपलिंग सवारी मो.सायकल में एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर इस प्रकार 37 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही कर समन शुल्क लिया गया है। मालवाहक गाड़ियों में सवारी बैठाकर ले जाने वाले एवं तेज गति वाहन चालकों एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही की जा रही है। जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। इसी के तहत 13 अक्टूबर को 3 व्यक्तियों के द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने पाए जाने पर चालकों के विरूद्ध के धारा 185 एमव्ही एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए वाहनों को जप्त किया जाकर न्यायालय में पेश किया गया। शराब के नशे में वाहन न चालांए, हेलमेड पहन कर मोटर सायकल चलाए, मोटर सायकल में ट्रिपल सवारी नहीं करने सहित अन्य जानकारियां दी गई।



### सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर स्थित सैनिक स्कूल में शिक्षा सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 6वीं एवं 9वीं में प्रवेश के लिए अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित की जाएगी। सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की अधिकारिक वेबसाईट पर 30 अक्टूबर शाम 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। अंबिकापुर स्थित सैनिक स्कूल में शिक्षा सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 6वीं एवं 9वीं में प्रवेश के लिए अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित की जाएगी।

## मछली पकड़ने को लेकर पीट-पीटकर हत्या करने वाले आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

तालाब में मछली पकडने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति की हत्या मामले में आरोपियों को आजीवन कारावास एवं 500-500 सौ रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। उक्त फैसला विशेष न्यायाधीश सुनीता साहू ने सुनाया है। विशेष लोक अभियोजक धीरज कुमार शुक्ला ने बताया कि ग्राम महंत के मल्ला तालाब में 11 अप्रैल 2023 को मछली पकड़ने को लेकर यह घटना हुई थी, तालाब में मछली पालन का ठेका संतोष यादव ने लिया था, घटना की रात रमेश्वर प्रसाद सूर्यवंशी अपने साथी अशोक सूर्यवंशी, प्रदीप करण और रवि किरण के साथ तालाब में मछली पकड़ने गया था. तभी पहले से तालाब किनारे पहले से छिप कर बैठे संतोष यादव व उसके तीन पुत्र आकाश, प्रकाश उर्फ छोटू और विकास उर्फ गोलू यादव ने रमेश्वर को पकड़कर लाठी-डंडे से बुरी तरह पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी, जबकि उसके अन्य साथी डर के मारे मौके से भाग निकले थे। हत्या के बाद आरोपियों ने शव को तालाब में फेंककर सबूत मिटाने की कोशिश की, जिससे उन्हें अपराध के सबूत मिटाने पर भी दोषी पाया गया, अगले दिन सुबह गांव के व्यक्ति द्वारा शव देखे जाने की सूचना उसके भाई को मिली, जिसके बाद परिजनों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई।

ग्राम महंत के पटेलपारा निवासी संतोष यादव, आकाश कुमार यादव, प्रकाश यादव, विकास यादव आजीवन सश्रम कारावास व 500-500 रुपए का जुर्माना, 1-1 वर्ष का सश्रम कारावास व 500-500 रुपए जुर्माना, 2-3 माह का कारावास, 1 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। मामले की पैरवी लोक अभियोजक धीरज कुमार शुक्ला ने की।

**खास बात**

- विशेष न्यायाधीश सुनीता साहू ने सुनाया फैसला, नवागढ़ के ग्राम महंत का मामला




## बीरमित्रपुर में एनएच 143 की दुर्दशा पर फूटा जनआक्रोश

**बीरमित्रपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 143 की बदहाल स्थिति को लेकर बीरमित्रपुर विकास मंच ने बुधवार को तहसीलदार के माध्यम से सुंदरगढ़ जिलापाल को ज्ञापन सौंपा। पूर्व विधायक निहार सुरीन के नेतृत्व में जगदीश अग्रवाल, सुनील तिवारी, बिक्रम पटनायक, अबुल खैरू, रोहित दीप, लालन श्रीवास्तव, अरुण गोयल, पाइकास तिर्की और कुना देव ने ज्ञापन देकर अविलंब सड़क निर्माण की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि सड़क निर्माण हुए दो वर्ष भी नहीं बीते हैं, फिर भी जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं और रास्ता जर्जर हो चुका है। धूल के कारण राहगीरों को भारी परेशानी हो रही है। बॉर्डर से तालसारा तक सड़क की हालत दयनीय बताई गई है। पूर्व विधायक निहार सुरीन ने चेतावनी दी कि यदि सात दिनों के भीतर सड़क मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ, तो जनता सड़क जाम आंदोलन करने को बाध्य होगी।

## दूसरे की जमीन को अपना बताकर कराई रजिस्ट्री, पति-पत्नी पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दूसरे की जमीन को अपना बताकर फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराने वाले पति पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामला चांपा थाना क्षेत्र के ग्राम हथनेवरा का है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गौतम राठौर जो जमीन खरीदी बिक्री का काम करता है। जिसके द्वारा ग्राम हथनेवरा में किसी अन्य की जमीन को अपनी पत्नी की जमीन होना बताकर 30 लाख रुपया में बिक्री किया है, जबकि उक्त जमीन गंगेश्वर, देवेंद्र पटेल निवासी कोटाडाबरी थाना चांपा की जमीन है। जिसमें उक्त दोनों का कब्जा है और वे धान फसल लगाते है। आरोपी गौतम राठौर एवं उनकी पत्नी ने छल करते हुए कूट रचित दस्तावेज तैयार कर दूसरे की जमीन को अपना जमीन बताकर बिक्री करना पाए जाने से आरोपियों के विरुद्ध थाना चांपा धोखाधड़ी का मामला पंजीबद्ध किया गया है। दोनों आरोपी फरार है जिनकी गिरफ्तारी हेतु संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है मिलने पर कार्यवाही की जाएगी। पुलिस ने दोनों आरोपियो के विरूद्ध थाना चांपा में धारा 420, 467, 468, 471, 34 भादवी के तहत किया गया अपराध पंजीबद्ध किया है। आरोपी गौतम राठौर के विरूद्ध पूर्व में भी थाना चांपा में धोखाधड़ी का मामला दर्ज है।




